# एमसीडी स्वास्थ्य विभाग के 30 कर्मचारियों के नियमितीकरण को मंजूरी

**कर्मचारियों को स्थायित्व मिलने से वे और अधिक समर्पण के साथ कार्य कर सकेंगे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महापौर प्रवेश वाही एवं स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत 30 दैनिक वेतनभोगी एवं मस्टर रोल कर्मचारियों के नियमितीकरण को मंजूरी प्रदान की। इन कर्मचारियों में सफाई कर्मचारी, वार्ड बॉय, चौकीदार, माली, वार्ड आया, लैब अटेंडेंट, वार्डन तथा किचन स्टाफ शामिल हैं, जो लंबे समय से अस्पताल प्रशासन विभाग में सेवाएं दे रहे थे। स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि निगम अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और लंबे समय से सेवा दे रहे कर्मचारियों को नियमित करना उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

स्थायी समिति की अध्यक्ष ने कहा कि यह निर्णय न केवल कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाएगा, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को स्थायित्व मिलने से वे और अधिक समर्पण के साथ कार्य कर सकेंगे। सत्या शर्मा ने बताया कि सदन में प्रस्तुत निगम के बजट में कर्मचारियों के नियमितीकरण की जो घोषणा की गई थी, उसी के अनुरूप इन कर्मचारियों को नियमित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह सरकार की कार्यशैली को दर्शाता है कि उसकी घोषणाएं केवल कागजों तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि उन्हें पूरी प्रतिबद्धता के साथ धरातल पर भी उतारा जाता है। उन्होंने कहा कि निगम भविष्य में भी कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए ऐसे सकारात्मक निर्णय लेता रहेगा, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक मजबूत और प्रभावी बन सके।

## नेहरू प्लेस में टाटा के ऑफिस में भीषण आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर के बाद अब नेहरू प्लेस स्थित टाटा कम्युनिकेशंस ऑफिस में आग लग गई। आग तीसरी मंजिल पर स्थित बैटरी रूम में लगी। नेहरू प्लेस में आज तड़के सुबह एक हादसा हो गया। यहां एक पांच मंजिला इमारत में आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा को तड़के करीब 2:47 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि आग सावित्री सिनेमा के सामने स्थित टाटा कम्युनिकेशंस कार्यालय में लगी थी।

आग तीसरी मंजिल पर स्थित टाटा टेलीकम्युनिकेशन कार्यालय के बैटरी रूम में लगी थी। दमकल विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंचकर तुरंत आग बुझाने का काम शुरू किया। अथक प्रयासों के बाद सुबह सात बजे तक आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया।

इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, आग बैटरी रूम में लगी थी, जिससे संभवत: यह फैल गई। अग्निशमन विभाग और संबंधित अधिकारी आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच कर रहे हैं। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रो. कने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाएं।

# डीयू प्रोफेसर हत्याकांड : कत्ल वाले दिन फ्लैट पहुंचे थे नकाबपोश युवक-युवती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** न्यू अशोक नगर थाना क्षेत्र में सामने आए दिल्ली विश्व. विद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर देबोस्मिता पॉल हत्याकांड में पुलिस को एक अहम सुराग हाथ लगा है।

जांच के दौरान सामने आई सीसीटीवी फुटेज में एक नकाबपोश युवक और युवती वारदात वाले दिन प्रोफेसर के फ्लैट में दाखिल होते दिखाई दिए हैं। दोनों करीब आधे घंटे तक फ्लैट के भीतर रहे और बाद में वहां से निकल गए। पुलिस अब दोनों की शिनाख्त और हत्या में उनकी संभावित भूमिका को लेकर गहन पड़ताल कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, 3 जून की दोपहर करीब 3:20 बजे एक निजी कैब से युवक और युवती वसुंधरा एन्क्लेव स्थित सत्यम अपार्टमेंट पहुंचे थे। दोनों ने अपने चेहरे मास्क से ढके हुए थे और उनके हाथों में बैग भी थे। सीसीटीवी फुटेज में दोनों को लिफ्ट की बजाय सीढ़ियों का इस्तेमाल करते हुए फ्लैट की ओर जाते देखा गया है। जांच में यह भी सामने आया है कि बाहर निकलते समय दोनों के कपड़े पहले से अलग दिखाई दे रहे थे। इस तथ्य ने जांचकर्ताओं का संदेह और बढ़ा दिया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि दोनों हत्या से पहले फ्लैट में पहुंचे थे या वारदात को अंजाम देने के बाद वहां से निकले।

शिवाजी कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर रहीं देबोस्मिता पॉल का शव गुरुवार को उनकी बहन के फ्लैट से बरामद हुआ था। शुरुआती जांच में पुलिस को आशंका है कि उनकी हत्या 3 जून को ही कर दी गई थी। मामले का खुलासा तब हुआ जब उनकी बहन देवराती पॉल ने कई बार फोन करने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिलने पर फ्लैट पहुंचकर देखा। फ्लैट बाहर से बंद था। अंदर प्रवेश करने पर देबोस्मिता का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

क्राइम टीम और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की जांच में फ्लैट के मुख्य दरवाजे या घर के भीतर जबरन प्रवेश के कोई निशान नहीं मिले हैं। इसी आधार पर पुलिस 'फ्रेंडली एंट्री' के एंगल पर भी काम कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि प्रोफेसर हमलावरों को जानती थीं और उन्होंने स्वयं उन्हें घर में प्रवेश दिया होगा।

# 'नमो ऑक्सीजन पार्कों' का किया डिजिटल लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के साथ मैदानगढ़ी स्थित 'नमो ऑक्सीजन पार्क' में आयोजित भव्य कार्यक्रम में शामिल हुईं।

इस कार्यक्रम में दिल्ली के पर्यावरण और वन एवं वन्यजीव मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, दक्षिण दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, छतरपुर से विधायक करतार सिंह तंवर सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत 'नमो ऑक्सीजन पार्क' में गणमान्य अतिथियों द्वारा पौधारोपण से हुई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्री ने दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में विकसित 18 'नमो ऑक्सीजन पार्कों' का डिजिटल लोकार्पण भी किया।दिल्ली सरकार की योजना के अनुसार इन 18 पार्कों के तहत आने वाले कुल 185.42 एकड़ क्षेत्र को हरित जोन के रूप में विकसित किया जाएगा।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि मैदानगढ़ी स्थित 'नमो ऑक्सीजन पार्क' में आयोजित यह कार्यक्रम दिल्ली में शहरी हरित क्षेत्र के विस्तार, वायु गुणवत्ता में सुधार और पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा प्रारंभ किया गया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान वृक्षारोपण को कृतज्ञता, जिम्मेदारी और पर्यावरण चेतना से जुड़े जनआंदोलन का स्वरूप देने में सफल रहा है।

उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि वे केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहें, बल्कि उनके संरक्षण और संवर्धन का संकल्प भी लें, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग से दिल्ली को स्वच्छ और हरित बनाने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है।




केंद्रीय मंत्री व मुख्यमंत्री राजधानी के 18 'नमो ऑक्सीजन पार्कों' का डिजिटल लोकार्पण करते हुए।

## एक नजर

### सफदरजंग में 151 जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों की नियुक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सफदरजंग अस्पताल में अनुबंध पर 151 जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई है। 18 जून को आयोजित होने वाले वॉक इन इंटरव्यू के आधार पर इन डॉक्टरों की नियुक्ति होगी। एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद एक जुलाई 2024 तक या उसके बाद इंटर्नशिप कर चुके डॉक्टर साक्षात्कार में हिस्सा ले सकते हैं। नियुक्ति प्रक्रिया और पात्रता की विशेष जानकारी अस्पताल की वेबसाइट vmmc.sjh.mohfw.gov.in से ली जा सकती है।

### सप्लाई चेन की मजबूती को प्राथमिकताएं तय कीं



**नई दिल्ली।** इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के 'एक्सीलेंस इन मोशन: रीडिफाइनिंग द फ्यूचर ऑफ लॉजिस्टिक्स इन इंडिया' फोरम में बोलते हुए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के डीपीआईआईटी लॉजिस्टिक्स डिवीजन के एसोसिएट डायरेक्टर राजेश मेनन ने कहा कि प्रमुख सामान ढुलाई कॉरीडोर (फ्रेट कॉरिडोर) पर ट्रकों की औसत गति अभी भी 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे के बीच है, जबकि अंतरराष्ट्रीय मानक 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे का है।

उद्योग जगत का दृष्टिकोण रखते हुए, आईसीसी नेशनल लॉजिस्टिक्स एंड सप्लाई चेन कमेटी के चेयरमैन और वेस्टर्न कैरियर्स (इंडिया) लिमिटेड के डायरेक्टर एवं सीईओ कनिष्क सेठिया ने कहा कि, मैन्युफैक्चरिंग में वृद्धि, इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश और ग्लोबल वैल्यू चेन के साथ गहरे एकीकरण के चलते भारत का लॉजिस्टिक्स बाजार 380 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक होने का अनुमान है। भारत सरकार के रेल मंत्रालय के रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त सदस्य (एडिशनल मेंबर) मनोज सिंह ने कहा, भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 1.7 अरब टन सामान की ढुलाई की है और अब 2 अरब टन के आंकड़े की ओर तेजी से बढ़ रही है।

### दिल्ली आंगनवाड़ी में निकली भर्ती

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत मिशन वात्सल्य योजना के तहत नई भर्ती 2026 की घोषणा की गई है। यह भर्ती पूरी तरह एक वर्ष के कॉन्ट्रैक्ट आधार पर की जाएगी। इस भर्ती अभियान के तहत कुल 10 पदों पर वैकेंसी निकाली गई है। इच्छुक उम्मीदवार 05 जून 2026 से 26 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी और यह भर्ती मिशन वात्सल्य योजना के नियमों के अनुसार की जा रही है।

मैक्स अस्पताल में अग्निकांड के

### पीड़ितों से मिलने से रोका गया: आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और आम आदमी पार्टी (आआपा) की वरिष्ठ नेता आतिशी शुक्रवार को मैक्स अस्पताल में मालवीय नगर अग्निकांड के पीड़ितों से मिलने पहुंचीं। आआपा विधायक जब मैक्स अस्पताल पहुंचे तो पीड़ितों से और उनके परिवारों से मिलने नहीं दिया गया। इस पर आतिशी ने कहा कि मैक्स हॉस्पिटल के सुरक्षा कर्मचारियों ने हमें अंदर जाने की इजाजत नहीं दी।

इतने सारे लोग अपनी जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, फिर आआपा के विधायकों को मरीजों से मिलने नही दिया गया। आतिशी ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि क्या मरने वालों की संख्या 21 से ज्यादा हो गई है? शायद वास्तविक आंकड़े देश के सामने नहीं आ रहे हैं।

## राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी ने 33वें स्थापना दिवस पर किया सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कृषि, पर्यावरण और ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों को पत्रकारिता के माध्यम से राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनाने वाली पत्रकार एवं स्कॉलर डॉ. मीना कुमारी को राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी ने कृषि पत्रका. रिता में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया है।नई दिल्ली के ए.पी. शिंदे सिम्पोजियम हॉल में आयोजित राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी के 33वें स्थापना दिवस समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

समारोह में पद्म पुरस्कार विजेता एवं एनएएएस फेलो डॉ. पी.एल. गौतम, डॉ. अशोक के. सिंह, किसान प्रतिनिधि श्रीरंग देवबा लाड, उद्योग जगत के प्रमुख व्यक्तित्व डॉ. मीनेश शाह और दिलीप संघानी सहित मीडिया क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार संजीब मुखर्जी को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर एनएएएस-यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड और एनएएएस-धनुका अवॉर्ड भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अशोक के. सिंह के स्वागत भाषण से हुई, जबकि डॉ. बी.एस. द्विवेदी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

अकादमी के अध्यक्ष डॉ. एम.एल. जाट ने कहा कि विज्ञान, उद्योग, मीडिया और किसान समाज के चार ऐसे स्तंभ हैं, जिनके समन्वय से ही कृषि क्षेत्र का समग्र विकास संभव है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर चलाया स्वच्छता व पौधारोपण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक्सिस बैंक ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के आईटीओ घाट पर व्यापक स्तर पर स्वच्छता और पौधारोपण अभियान का आयोजन किया।

इस पहल के माध्यम से बैंक ने पर्यावरण संरक्षण और साम. ुदायिक भागीदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

भारतीय सेना के सहयोग से आयोजित इस अभियान का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और यमुना नदी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के महत्व को लोगों तक पहुँचाना था। कार्यक्रम में आदर्श नगर के विधायक राज कुमार भाटिया और




मेजर लेफ्टिनेंट कर्नल अनुराग सिंह चोस्की भी शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों के साथ अभियान में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया। इस पहल में बैंक के कर्मचारियों, सेना के जवानों और स्थानीय समुदाय के लोगों सहित 150 से अधिक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। अभियान के दौरान 250 किलोग्राम कचरा एकत्र कर हटाया गया और 50 पौधे लगाए गए, जिससे यमुना किनारे के पर्यावरण को बेहतर बनाने में मदद मिली। स्वयंसेवकों ने स्थानीय लोगों से संवाद कर उन्हें स्थायी जीवनशैली अपनाने और कचरे के जिम्मेदार प्रबंधन के लिए भी प्रेरित किया।

अभियान में शामिल सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए, एक्सिस बैंक के ग्रुप हेड-ब्रांच बैंकिंग, नॉर्थ एवं टीएएससी बिजनेस, रेनॉल्ड डीश्सूजा ने कहा, ष्एक्सिस बैंक में सस्टेनेबिलिटी सिर्फ एक पहल नहीं, बल्कि हमारी कार्यशैली का अहम् हिस्सा भी है।

## त्यागराज स्टेडियम का टीटी परिसर संवारा जाएगा

**नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लिए त्यागराज स्टेडियम के टेबल टेनिस परिसर को नए सिरे से संवारा जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने स्टेडियम में इसके जीर्णोद्धार की तैयारी शुरू कर दी है। करीब 1.96 करोड़ रुपये की लागत से इसे एक माह में पूरा किया जाएगा। चैंपियनशिप 27 जुलाई से दो अगस्त तक प्रस्तावित है। इसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, सिंगापुर, मलेशिया, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा समेत 35 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जीर्णोद्धार कार्य में मुख्य रूप से टेबल टेनिस परिसर में मेपल फ्लोरिं. रंग मैन्युफैक्चरर्स एसो. से प्रमाणित वुड फ्लोरिंग की मरम्मत होगी।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पौधा लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी आह्वान 'एक पेड़ माँ के नाम' को आगे बढ़ाते हुए, 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने नेहरू पार्क, में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में श्पीपलश् का एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण, मातृ सम्मान तथा जनभागीदारी आधारित हरित विकास का संदेश दिया ।

कार्यक्रम में दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा, नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र की सांसद बांसुरी स्वराज, एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा, उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल, परिषद सदस्य सरिता तोमर, दिनेश प्रताप सिंह तथा सचिव राहुल सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने भी भाग लिया और अपनी माताओं के नाम पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नितिन नवीन जी ने परिषद् क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विभिन्न 'पर्यावरण प्रहरियों' - मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों तथा पौधों की देखभाल करने वाले निवासियों, मालियों, अधिकारीयों को सम्मानित किया। उन्होंने अभियान के पूर्व प्रतिभागियों से संवाद कर उनके अनुभव भी सुने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए धन्यवाद किया।

# अहिल्याबाई की 300वीं जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मानव सेवा चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसी मौके पर मानव सेवा चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा संचालित सामुदायिक रेडियो स्टेशन 'ग्रामोदय' का स्थापना दिवस भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महासचिव और और मानव सेवा चौरिटेबल सोसाइटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दलजीत लूथरा आयोजित इस कार्यक्रम में वीरेंद्र सिंह चौहान' और समाजसेवी 'राजीव झा' एवं प्रीतम कौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।




सभी गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महासचिव दलजीत लूथरा ने अपने संबोधन में कहा, ष्अहिल्याबाई होलकर सिर्फ एक शासक नहीं, बल्कि त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति थीं। रेडियो ग्रामोदय का स्थापना दिवस उनके जन्मदिवस पर मनाना हमारे लिए गर्व की बात है। यह रेडियो स्टेशन भी उन्हीं के आदर्शों पर चलते हुए ग्रामीण और शहरी युवाओं को शिक्षा, संस्कृति और जागरूकता से जोड़ने का काम कर रहा है प्रेसिडेंट वीरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि रेडियो ग्रामोदय का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सूचना और प्रेरणा पहुंचाना है। उन्होंने युवाओं से रेडियो के माध्यम से जुड़कर अपने कौशल को निखारने की अपील की।

# पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नेचर वेलफेयर काउंसिल द्वारा राष्ट्रीय सेवा समिति, प्लॉट नं. 1, पंडित दीनदयाल मार्ग, नई दिल्ली में "मेरा पेड़, मेरी पहचान" विषय पर एक भव्य पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. दिनेश उपाध्याय, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। इस अवसर पर नेचर वेलफेयर काउंसिल के विभिन्न पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी अपनी सहभागिता निभाई।




कार्यक्रम में केंद्रीय निदेशक अंकुर सिंह, स्टेट डायरेक्टर (क्लाइमेट चेंज) रवि शर्मा, क्लाइमेट एवं वेदर बोर्ड से शिवम शर्मा, अर्थ बोर्ड से दिव्या शर्मा, क्लाइमेट एवं वेदर बोर्ड की निद. ेशक अनीता नागपाल, सोशल गाइडलाइंस बोर्ड से रॉबिनसन स्मिथ, केंद्रीय संयुक्त सचिव गीता वर्मा, कार्यालय समन्वयक जौहर जैदी एवं असद जैदी, राज्य सदस्य रश्मि गोस्वामी तथा सामान्य सदस्य शिवम सिंह, मनोज तिवारी एवं जितेंद्र शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सुंदरपुर गांव में 28 बीघा 5 बिस्वा में बनेगी गोशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले के सुंदरपुर गांव में 28 बीघा 5 बिस्वा के बड़े भूखंड पर गोशाला बनेगी, जहां बेसहारा और जरूरतमंद गोवंश की बेहतर तरीके से देखभाल हो सकेगी। शुक्रवार को उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने ग्राम सभा की इस भूमि पर गोशाला बनाने के लिए भूमि आवंटन को मंजूरी दी।

दिल्ली में पशु संरक्षण और देखभाल की व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है। ये भूमि 99 वर्षों के लिए विकास विभाग की पशुपालन इकाई को दी जाएगी।

# फरार मैनेजर का पता लगाने की कोशिशें तेज

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर इलाके के एक होटल में लगी भीषण आग के मामले में फरार जय मिश्रा की तलाश के लिए दिल्ली पुलिस ने कई टीमों का गठन किया है। इस हादसे में 21 लोगों की जान चली गई थी। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जांचकर्ताओं ने मिश्रा की तलाश तेज कर दी है। माना जा रहा है कि मिश्रा ने उस होटल के संचालन और प्रबंधन में मुख्य भूमिका निभाई थी, जहां बुधवार सुबह आग लगी थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मिश्रा का पता लगाने के लिए दिल्ली और पड़ोसी राज्यों में विभिन्न स्थानों पर कई टीमें तैनात की गई हैं। अधिकारी ने कहा, 'मिश्रा के ठिकाने का पता लगाने के लिए तकनीकी निगरानी और अन्य तरीकों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।' जांच के हिस्से के रूप में, पुलिस होटल के उन कर्मचारियों की भी तलाश कर रही है जो घटना के समय वहां मौजूद थे या इस प्रतिष्ठान से जुड़े हुए थे। उन्होंने कहा कि जांचकर्ताओं का उद्देश्य उनके बयान दर्ज करना है ताकि आग लगने से पहले की घटनाओं के क्रम का पता लगाया जा सके और होटल के संचालन के बारे में जानकारी जुटाई जा सके।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

## विधायक कार्यालय पर मनाया गया सीएम का जन्मदिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विधायक डॉ मंजू सिवाच ने अपने कार्यालय पर उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर लड्डू वितरित कर उनका जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं सम्मानित नागरिकों ने मुख्यमंत्री जी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं प्रदेश के विकास हेतु उनके सफल नेतृत्व की कामना की। साथ ही, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण के संवर्धन एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण के इस महत्वपूर्ण अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता

## भाई ने पति समेत ससुराल पक्ष पर जताई हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** थाना क्षेत्र में एक महिला के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। महिला के भाई ने पति एवं ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर हत्या कर शव को ठिकाने लगाने की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, सन्दीप कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन सोनिया की शादी करीब 12 वर्ष पूर्व परविंदर निवासी चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर के साथ हुई थी। सोनिया की दो बेटियां माही (10 वर्ष) और रिया (6 वर्ष)



हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार विवाह के बाद से ही सोनिया को पति, देवर, जेठ एवं अन्य ससुरालीजनों द्वारा प्रताड़ित किया जाता था। इस संबंध में पूर्व में न्यायालय में मुकदमा भी चला था, जो बाद में समझौते के बाद समाप्त हो गया। समझौते के बाद करीब 9-10 माह पूर्व सोनिया को दोबारा ससुराल भेजा गया था। सन्दीप का आरोप है कि कुछ समय तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन बाद में सोनिया को फिर से परेशान किया जाने लगा। हाल के दिनों में जब बहन से संपर्क नहीं हो पाया तो वह 1 जून 2026 को परविंदर के वर्तमान निवास सूर्यनगर कॉलोनी, मुरादनगर पहुंचा। वहां सोनिया मौजूद नहीं थी और उसका कोई सामान भी घर में नहीं मिला। पीड़ित पक्ष का दावा है कि जब उसने अपनी 10 वर्षीय भांजी माही से पूछताछ की तो बच्ची ने अपनी मां के साथ गंभीर घटना होने की बात कही। इसके बाद परिवार ने सोनिया के साथ अनहोनी होने की आशंका जताई है। मामले में मसूरी एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि महिला के लापता होने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है। महिला की तलाश के लिए पुलिस टीम को लगाया गया है तथा सभी पहलुओं पर गहनता से जांच की जा रही है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर सीएचसी में चेयरमैन ने किया वृक्षारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोदी नगर पर नगर पालिका परिषद मोदीनगर अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का वृक्ष लगाकर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर विनोद वैशाली जाटव, सभासद बॉबी चौधरी, सोनू चौधरी, अमितेज हैं एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दिनेश कुमार, डॉ नवीन श्रीवास्तव, डॉक्टर विकास काहरा, डॉ रितु कुमार, डॉक्टर ज्योति, डॉक्टर भावना, डॉक्टर करण कसाना तथा अन्य गण मान्य व्यक्तियों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त चिकित्सकों तथा कर्मचारियों के द्वारा मिलकर वृक्षारोपण उत्सव मनाया गया जिसमें आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोदीनगर पर लगभग 50 छायादार वृक्ष रोपित किए गए यह कार्यक्रम 'एक वृक्ष मां के नाम' थीम पर चलाया गया। कार्यक्रम में अस्पताल के कर्मचारियों तथा अधिकारियों द्वारा हिस्सा लिया गया। वृक्षारोपण का कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सचिन वैश्य के निर्देशन में किया गया।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कौशांबी सेंट्रल पार्क में पार्षद कुसुम मनोज गोयल के नेतृत्व वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया एवं मुख्यमंत्री के जन्मदिन की खुशी में मिठाई बाटी इस अवसर पर कौशांबी की वेलफेयर एसोसिएशन, पप्पू चौपाल कौशांबी पार्क ग्रुप, ताली ग्रुप, एवं योगा ग्रुप द्वारा इस कार्यक्रम में भाग लिया गया। इसमें प्रमुख रूप से राकेश जाकेतिया, दीपक गुप्ता, मनीष जैन, जयपुरिया के महासचिव पवन गुप्ता, उपाध्यक्ष एस आर सिंह, अजय



गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश कटिहार, शिव शंकर उपाध्याय, गौरव वर्मा, लक्ष्मीकांत चांनना, सतीश रोहतगी, राज शर्मा, कमल गुप्ता, जुगल अग्रवाल, योगाचार्य देवराज शर्मा, राधा रमन बंसल, महाराज सिंह, मुकुल गुप्ता, पर्वतारोही पवन सैनी, रविंद्र नगर, सतीश गुप्ता, विपिन जैन, अशोक जयसवाल अनिल मोगा सतीश बबूता, राजेंद्र सोनी , मनीष मरोडिया ,रजनी गर्ग, सविता वर्मा, नरिम , धर्मेंद्र कुमार जैन,एन के खुराना अमिताभ सिन्हा, वाल्मीकि प्रसाद ,राहुल शर्मा सहित बडी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता: आरके चतुर्वेदी

### किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा अनुपस्थिति बर्दाश्त नहीं: रविन्द्र कुमार मॉंदड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की ऑफलाइन लिखित परीक्षा (ओएमआर आधारित) के सफल, पारदर्शी एवं नकलविहीन संचालन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक जोनल ऑब्जर्वर, मेरठ मण्डल, आर.के.चतुर्वेदी (सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक एवं अंशकालिक सदस्य) की अध्यक्षता व जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ व एड.सीपी केशव कुमार चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि प्रदेश स्तर पर यह परीक्षा दिनांक 08, 09 एवं



10 जून, 2026 को आयोजित की जाएगी, जिसमें लगभग 28,86,797 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। जनपद गाजियाबाद में लगभग 11,000 अभ्यर्थियों के परीक्षा में सम्मिलित होने की संभावना है। परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु जनपद में 25 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर केन्द्र व्यवस्थापक, केन्द्र पुलिस प्रभारी, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा बायोमैट्रिक सत्यापन हेतु नामित कार्मिकों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। इसके अतिरिक्त कक्ष निरीक्षकों एवं अन्य आवश्यक कार्मिकों की भी नियुक्ति की जा चुकी है। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रात: 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 बजे से 05:00 बजे तक संचालित की जाएगी।

बैठक को संबोधित करते हुए जोनल ऑब्जर्वर श्री आर.के. चतुर्वेदी ने कहा कि परीक्षा को पूर्णत: शुचितापूर्ण, पारदर्शी, नकलविहीन, समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से सम्पन्न कराना सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा संचालन से संबंधित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में स्वविवेक से निर्णय न लिया जाए तथा परीक्षा संचालन संबंधी प्रत्येक कार्य उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी निर्देश पुस्तिका के अनुसार ही किया जाए।

## गांधी ग्राउंड में विधायक व चेयरमैन ने किया वृक्षारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गांधी ग्राउंड, हापुड़ रोड पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. मंजू शिवाच एवं चेयरमैन विनोद वैशाली ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की शोभा नहीं, बल्कि मानव जीवन की सबसे अनमोल धरोहर हैं। स्वच्छ पर्यावरण, शुद्ध वायु और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनके संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नरेंद्र मोहन मिश्र (अधिशासी अधिकारी), वेद प्रकाश चौधरी, सूबे सिंह, प्रदीप शर्मा, सोनू कुमार, गुलाब सिंह, सोनू चौधरी, प्रीतम सैनी, आदित्य बॉबी, संजय चौधरी, नरेंद्र तोमर, अरुण खन्ना, नवीन जायसवाल, प्रवीण गुर्जर, राहुल राणा, मोनू धामा, अंकित चौधरी (राजस्व निरीक्षक), दिनेश कुमार, अमरीश,अजेश श्रीवास्तव एवं समस्त पालिका कर्मचारी गण सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### ठाकुर अजय चौहान के आवास पर पहुंचे डॉ. प्रवीण तोगड़िया

## सामाजिक एकता और सांस्कृतिक जागरूकता पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया शुक्रवार को शहर पहुंचे, जहां ठाकुर अजय चौहान के आवास पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने सामाजिक एकता, सांस्कृतिक जागरूकता तथा संगठन के विभिन्न अभियानों को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ. तोगड़िया ने कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाला सनातन समाज एक ही परिवार का हिस्सा है और समाज में एकता एवं समरसता बनाए रखना समय की आवश्यकता है। उन्होंने



समाज को संगठित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनने का संदेश देते हुए युवाओं से राष्ट्र एवं समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक संरक्षण के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि वे समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बेहतर निर्वहन कर सकें। डॉ. तोगड़िया ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वावधान में चलाए जा रहे वीर हिंदू-विजेता हिंदू अभियान के माध्यम से युवाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण, सामाजिक जागरूकता और सेवा कार्यों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें सकारात्मक सामाजिक गतिविधियों के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि संगठन ने देशभर में लगभग सवा लाख हनुमान चालीसा केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इनकेंद्रों के माध्यम से सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण, धार्मिक जागरूकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में ठाकुर अजय चौहान ने कहा कि गाजियाबाद में कार्यरत सभी सामाजिक संगठनों को एकजुट होकर समाज की सुरक्षा, एकता और विकास के लिए मिलकर कार्य करना चाहिए।

## ब्लिंकिट के खिलाफ भगवान गंज मंडी वासियों का धरना जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** रिहायशी गली में खुली ऑनलाइन सामान डिलीवरी सेवा कंपनी ब्लिंकिट के खिलाफ भगवान गंज मंडी वासियों द्वारा किया जा रहा धरना प्रदर्शन लगभग एक सप्ताह बीतने के पश्चात भी लगातार जारी है कॉलोनीवासियों का स्पष्ट कहना है कि जब तक ब्लिंकिट का गौदाम उनकी कॉलोनी के रिहाइशी क्षेत्र से नहीं हटेगा उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा चाहे इसके लिए कितना भी समय लग जाये। भगवान गंज मंडी आर0डब्लू0ए के बैनर तले चलाये जा रहे इस धरने का इतना प्रभाव तो पड़ ही चुका है कि देर रात तक सामान डिलिवर करने की जगह ब्लिंकिट को अब शाम 7 बजे से ही अपनी सेवाएं बंद




करनी पड़ रही है जिससे यकीनन कंपनी को आर्थिक हानि उठानी पड़ रही होगी। मंडी के प्रबुद्ध लोगों व आर0डब्लू0ए के पदाधिकारियों ने बताया कि उनका विरोध ब्लिंकिट से नहीं है बल्कि कंपनी द्वारा रिहायशी क्षेत्र में गौदाम बनाने से है क्योंकि ब्लिंकिट सुबह 6 बजे से देर रात लगभग 2 बजे तक सामान डिलिवर करती है जिस कारण से उसके 50- 60 से ज्यादा डिलीवरी कर्मचारी सारा दिन रात उनके घरों के बाहर घूमते रहते हैं व इनमें से अनेक शराब पीकर कॉलोनी की महिलाओं, बच्चियों व आमलोगों के साथ बदतमीजी कर चुके हैं व टोकने पर धमकी भी देते हैं साथ ही उनकी आड़ में अन्य असामाजिक तत्व भी सारा दिन रात कॉलोनी में घूमने लगे हैं जिसमें हम खिलाफ हैं इसलिए इस कंपनी का गौदाम यहां से हटवाना चाहते हैं।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विकास प्राधिकरण द्वारा पर्यावरण सुधार एवं हरित क्षेत्र विस्तार के उद्देश्य से प्रतिवर्ष व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जाता है। इसी क्रम में शहर के पर्यावरणीय संतुलन को सुदृढ़ करने हेतु नवीन पार्कों का विकास, पूर्व विकसित पार्कों का उन्नयन तथा उनका नियमित एवं समुचित रख-रखाव भी सुनिश्चित किया जा रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज संजयनगर योजना स्थित शिल्प उद्यान में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव महोदय द्वारा वृक्षारोपण कर अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर अपर सचिव, वित्त नियंत्रक, विशेष



कार्याधिकारी-1 एवं 2, मुख्य अभियन्ता सहित प्राधिकरण के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया कार्यक्रम के दौरान सचिव महोदय ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। शपथ के माध्यम से प्राकृतिक पर्यावरण, वन, झीलों, नदियों एवं वन्य जीवों की रक्षा एवं संवर्धन करने तथा सभी जीवों के प्रति दया एवं संवेदनशीलता का भाव रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष बल दिया गया, जिनमें भू-जल संरक्षण हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देना, प्राकृतिक जलाशयों एवं झीलों का संरक्षण एवं पुनर्जीवन, वन्य जीवों की सुरक्षा, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, सघन वृक्षारोपण, वृक्षों के अवैध कटान की रोकथाम तथा निर्माण कार्यों के दौरान धूल एवं अन्य प्रदूषणकारी तत्वों के प्रभावी नियंत्रण के उपाय प्रमुख रूप से शामिल हैं।

## दुहाई इंडस्ट्रियल एरिया मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन द्वारा संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दुहाई औद्योगिक क्षेत्र में लघु उद्योग भारती एवं दुहाई इंडस्ट्रियल एरिया मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन द्वारा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनील त्यागी अध्यक्ष दुहाई इंडस्ट्रियल एरिया मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन, दुहाई औद्योगिक क्षेत्र एवं अध्यक्ष लघु उद्योग भारती दुहाई इकाई द्वारा किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 250 उद्यमियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। दुहाई क्षेत्र के उद्यमियों द्वारा कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र गाजियाबाद के उपायुक्त उद्योग एवं अन्य अधिकारियों को आमंत्रित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिनांक 5 जून 2026 को दोपहर 3:00 बजे बालाजी पॉलीमर्स , बी



ब्लॉक, गली नंबर 3, औद्योगिक क्षेत्र दुहाई गाजियाबाद में उपायुक्त उद्योग आशुतोष सिंह के मुख्य आतिथ्य में उद्यमी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम लघु उद्योग भारती के मंडल अध्यक्ष अमरीश गोयल एवं लघु उद्योग भारती दुहाई इकाई के अध्यक्ष सुनील त्यागी द्वारा कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग आशुतोष सिंह, सहायक आयुक्त उद्योग राजेंद्र कुमार, सहायक प्रबंधक अनित कुमार सैनी एवं श्री ललित कुमार को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त उद्योग द्वारा उक्त उद्यमी संवाद कार्यक्रम में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र, गाजियाबाद द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न योजनाओं एवं शासन द्वारा घोषित नीतियों के विषय में प्रस्तुतीकरण दिया गया। उपायुक्त उद्योग द्वारा एमएसएमई इकाइयों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासन की समस्त नीतियों को उद्यमियों तक पहुंचाने हेतु क्षेत्रवार कार्यक्रम आयोजित किए जाने हेतु आश्वस्त किया गया। उपायुक्त उद्योग द्वारा एमएसएमई को दिए जाने वाले विभिन्न योजनाओं के लाभ उठाने हेतु औद्योगिक इकाइयों को आवेदन किए जाने हेतु अपील की गई। श्री सुनील त्यागी जी द्वारा अवगत कराया गया कि एमएसएमई के उत्थान के लिए जिला उद्योग केंद्र कार्यालय एक रीड की हड्डी की तरह हमेशा खड़ा रहता है, जो उद्यमियों की प्रत्येक दशा में हर संभव मदद करता है। उपायुक्त उद्योग द्वारा दुहाई क्षेत्र के सभी उद्यमियों को आश्वस्त किया गया कि यदि उन्हें कोई समस्या है तो वह किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में आकर अवगत करा सकते हैं, उस समस्या का हल निकालने का यथा सम्भव प्रयास किया जाएगा।

## गाजियाबाद ने किसान आईडी बनाने में प्रदेश में पाया प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** प्रदेश सरकार द्वारा किसान आईडी बनाने के लिए चलाए गए अभियान में गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में सबसे पहले 100% किसान आईडी का लक्ष्य प्राप्त करने वाला पहला जिला बना है ,गाजियाबाद जिले का कुल 61000 किसान आईडी बनाने का था लक्ष्य था जिसमें से लक्ष्य का 2/3 अर्थात् 40000 से भी अधिक आईडी अकेले मोदीनगर तहसील ने बनाई है।



**मोदीनगर। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के जन्मदिन पर मुजफ्फरनगर उनके आवास पर बधाई देते मोदीनगर क्षेत्र के वरिष्ठ भाकियू नेता वेदपाल मुखिया, दीपक राठी भी मौजूद रहे।**

## विश्व पर्यावरण दिवस पर एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में हरित भविष्य का लिया गया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में भव्य वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में 500 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर नितिन अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति (अकादमिक) विमल कुमार



शर्मा, प्रो-चांसलर (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव, वाइस चांसलर प्रो. डॉ. प्रसेनजीत कुमार तथा रजिस्ट्रार प्रो. डॉ. राजीव रतन सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षक गण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आम, नीम, पीपल, अशोक, अमलतास एवं अन्य पर्यावरण हितैषी प्रजातियों के पौधे लगाए गए। सभी प्रतिभागियों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आज के समय में वृक्षारोपण जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की दिशा में सबसे प्रभावी कदमों में से एक है। वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल ने विद्यार्थियों से पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। वहीं प्रो- चांसलर नितिन अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और पर्यावरणीय उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना विकसित करना समय की आवश्यकता है और इस प्रकार के अभियान युवाओं को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनाते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सतत विकास से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा हरित एवं स्वच्छ भारत के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

## विद्युत विभाग ने बिजली चेकिंग अभियान चलाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विद्युत विभाग के गोविंदपुरी उपखंड कार्यालय द्वारा स्थानीय कृष्णपुरी व कादराबाद शेत्र में बिजली चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें चार लोगों के खिलाफ भार से अधिक बिजली इस्तेमाल करने व बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। यह जानकारी अधिशासी अभियन्ता धर्मेंद्र कुमार ने दी।

# काकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन को लेकर पुलिस ने किए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** काकरोच जनता पार्टी द्वारा शनिवार को प्रदर्शन की घोषणा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त कर लिए हैं। नई दिल्ली क्षेत्र को 12 जोन में बांटा गया है जिसमें से प्रत्येक की जिम्मेदारी एक डीसीपी या एडिशनल डीसीपी स्तर के अधिकारी को सौंपी गई है। वहीं प्रत्येक दो जोन पर एक संयुक्त आयुक्त या अतिरिक्त आयुक्त को जिम्मेदारी दी गई है। 2 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी नई दिल्ली में तैनात रहेंगे। खासतौर से केन्द्रीय मंत्रियों के घर की सुरक्षा बढ़ाई जा रही है। इस प्रदर्शन को लेकर शुक्रवार को पुलिस आयुक्त ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों को कहा कि वह प्रदर्शनकारियों से न उलझें और उन्हें समझाकर शांत रखने का प्रयास करें।

शुक्रवार शाम पुलिस मुख्यालय में नई दिल्ली जिला के डीसीपी सचिन शर्मा ने भी विभिन्न जिलों के डीसीपी, एडिशनल डीसीपी, इंस्पेक्टर आदि के साथ प्रदर्शन को लेकर बैठक की। उन्होंने पुलिसकर्मियों को बताया कि प्रदर्शन के दौरान वह प्रदर्शनकारियों से किसी भी प्रकार की बहस न करें। इसके साथ ही ज्यादा से ज्यादा वीडियो रिकार्डिंग करने की सलाह उन्होंने दी ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर उनके पास साक्ष्य रहे। उन्होंने खासतौर से मंत्रियों के घर के आसपास सुरक्षा रखने की सलाह दी क्योंकि प्रदर्शनकारी उनके घरों की तरफ जा सकते हैं।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि नई दिल्ली जिला को कुल 12 जोन में सुरक्षा के लिहाज से बांटा गया है। सुरक्षा के लिए नई दिल्ली पुलिस के अलावा 6 संयुक्त आयुक्त एवं अतिरिक्त आयुक्त, 14 डीसीपी एवं एडिशनल डीसीपी, 32 एसीपी, 90 इंस्पेक्टर और 950 पुलिसकर्मी दूसरों जिले से बुलाए गए हैं। इनके अलावा 20 कंपनी अतिरिक्त पुलिस बल की भी नई दिल्ली में तैनात रहेगी।

## नितिन नवीन ने किया नेहरू पार्क में पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नेहरू पार्क में एक पौधा लगाया। नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के जरिए पौधारोपण पहल में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा, ''हर व्यक्ति के मन में अपनी मां के लिए एक विशेष स्थान होता है और इस भावना को वृक्षारोपण से जोड़ना एक बहुत ही सकारात्मक अभियान है जिसमें हर देशवासी शामिल होगा। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, ''हमारे द्वारा लगाया गया हर पेड़ न केवल हमारी रक्षा करता है, बल्कि भावी पीढ़ियों को भी सुरक्षित रखता है।'' नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री की यह पहल जनभागीदारी का कार्यक्रम बन गई है और पर्यावरण को लेकर वैश्विक चिंताओं के बीच देश की रक्षा करने एवं उसे स्वस्थ रखने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

इस कार्यक्रम में नवीन के साथ केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल भी शामिल हुए।

# सोफे पर पड़ा मिला नवविवाहिता का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पीआईए थाना क्षेत्र स्थित गाजीपुर गांव की गोपाल गली में एक 21 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका का शव गुरुवार दोपहर मकान की चौथी मंजिल पर एक सोफे पर पड़ा हुआ मिला।

मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस टीमों ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवाया। विवाहिता की शादी को अभी एक साल भी पूरा नहीं हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए मामले की मजिस्ट्रेट जांच भी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि शव की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पूर्वी जिला डीसीपी राजीव कुमार के अनुसार, गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे पीआईए पुलिस को मामले की पीसीआर कॉल मिली। बताया कि गोपाल गली, गाजीपुर गांव के एक मकान में एक महिला मृत हालत में पड़ी हुई है।

मामले की सूचना मिलते ही एसएचओ तुरंत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जब मकान की चौथी मंजिल का निरीक्षण किया, तो वहां 21 वर्षीय नवविवाहिता का सोफे पर संदिग्ध हालत में पड़ा था। तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## सदर बाजार में बिजली के तारों के जाल से खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सदर बाजार बारी मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा ने सदर बाजार में फैले बिजली के तारों के जाल को गंभीर खतरा बताते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने कहा कि एशिया के सबसे बड़े थोक बाजारों में शामिल सदर बाजार में रोज हजारों लोग आते हैं, लेकिन कई गलियों में बिजली के तार अव्यवस्थित और खतरनाक स्थिति में लटके हुए हैं।

पम्मा ने प्रशासन और बिजली विभाग से बाजार का निरीक्षण कर खतरनाक तारों को ठीक करने, नियमित फायर सेफ्टी ऑडिट कराने और व्यापारियों के लिए जागरुकता अभियान चलाने की मांग की है।

# इंटर्नशिप कार्यक्रम की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सेंटर फॉर नमो स्टडीज ने 'नमो विकसित भारत संवाद' के तहत 12 सत्रों वाले ऑफलाइन इंटर्नशिप कार्यक्रम की घोषणा की है।

यह कार्यक्रम छात्रों, शोधार्थियों और युवा पेशेवरों को 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण पर आधारित राष्ट्रीय विमर्श से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

सेंटर फॉर नमो स्टडीज के अध्यक्ष जसीम मोहम्मद ने बताया कि यह कार्यक्रम स्वर्गीय हीराबेन मोदी की जयंती के अवसर पर आरंभ होगा और इसका अंतिम सत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं को नीति निर्माण, सुशासन, शोध और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रियाओं को समझने का अवसर प्रदान करेगी।

यह इंटर्नशिप कार्यक्रम 18 जून से 17 सितंबर तक डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र, जनपथ, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन सेंटर फॉर नमो स्टडीज द्वारा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, शिक्षा मंत्रालय तथा डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र के सहयोग से किया जा रहा है। जसीम मोहम्मद ने कहा कि यह केवल एक संवाद श्रृंखला नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय बौद्धिक पहल है।




विशेष पुलिस इकाई द्वारा आयोजित महिलाओं और बच्चों के लिए आयोजित साइबर जागरूकता व्याख्यान में भाग लेती महिलाएं और बच्चे।

# बच्चों के लिए सिाइबर जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष पुलिस इकाई के आत्म-रक्षा विंग द्वारा आयोजित किए जा रहे 22वें आत्म-रक्षा समर कैंप के हिस्से के रूप में सरस्वती बाल मंदिर पश्चिम विहार, में साइबर जागरूकता पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया।

यह सत्र आईएफएसओ यूनिट के एक पुलिस अधिकारी द्वारा संचालित किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न साइबर खतरों, ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया सुरक्षा, साइबर बुलिंग, डिजिटल गोपनीयता और इंटरनेट का उपयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक किया।

दिल्ली की पुलिस उपायुक्त और एसपीयूएनईआर नेहा यादव ने बताया कि प्रतिभागियों को साइबर अपराधों की रिपोर्टिंग के तरीकों और जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। इस व्याख्यान में समर कैंप में भाग लेने वाली लड़कियों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस इंटरैक्टिव सत्र ने प्रतिभागियों को साइबर-संबंधी अपराधों और घोटालों से खुद को बचाने के व्यावहारिक उपायों को समझने में मदद की।

सरस्वती बाल मंदिर के प्रधानाचार्य प्रियदर्शन त्रिपाठी ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए दिल्ली पुलिस का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने इस पहल की सराहना की और सत्र को आज के डिजिटल युग में, विशेष रूप से युवा छात्रों और महिलाओं के लिए, अत्यंत उपयोगी और प्रासंगिक बताया।

## कलाकारों ने नृत्यधारा 3 में बिखेरा भरतनाट्यम का रंग

**नई दिल्ली।** भरतनाट्यम संस्था आयाम की ओर से एलटीजी ऑडिटोरियम में आयोजित वार्षिक नृत्य उत्सव नृत्यधारा 3 में 100 से अधिक नर्तकों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना और पूर्व राज्यसभा सदस्य सोनल मानसिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। गुरु सिंधु मिश्रा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ शिष्याओं और नन्हे कलाकारों ने भावपूर्ण प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण तनुषा त्यागी की प्रस्तुति रही, जिसमें उन्होंने रामचरितमानस के दुर्लभ प्रसंग को अभिनय के माध्यम से मंच पर उतारा।

# रोड सेफ्टी अवेयरनेस समर कैंप 2026 समारोह संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने आदर्श ऑडिटोरियम, में 'रोड सेफ्टी अवेयरनेस समर कैंप 2026' का समापन समारोह आयोजित किया।

इस समारोह में विशेष पुलिस आयुक्त (एचआरडी), रॉबिन हिबू मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस मौके पर दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, माता-पिता, शिक्षक, ट्रेनर, स्टेकहोल्डर्स और भाग लेने वाले छात्र भी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक गणेश वंदना के साथ हुई, जिसके बाद सड़क सुरक्षा के महत्व को उजागर करने वाला एक दिलचस्प नुक्कड़




नाटक पेश किया गया। सभा को संबोधित करते हुए, मुख्य अतिथि ने छात्रों के उत्साह और सक्रिय भागीदारी की सराहना की और कम उम्र से ही सड़क पर सुरक्षित व्यवहार अपनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों को अपने परिवारों, स्कूलों और समुदायों में सड़क सुरक्षा के एंबेसडर (दूत) के तौर पर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान, मुख्य अतिथि ने समर कैंप में आयोजित विभिन्न प्रतियागिताओं में विजेता रहे 15 बेहतरीन छात्रों को सम्मानित किया। कैंप के दौरान उनके शानदार योगदान और समर्पण को देखते हुए, 22 छात्र स्वयंसेवकों को सर्टिफिकेट और गिफ्ट वाउचर दिए गए।

रोड सेफ्टी अवेयरनेस समर कैंप 2026 ने छात्रों को जीवन-कौशल और सुरक्षा से जुड़े कई विषयों के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी, जिनमें सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक मैनेजमेंट, आत्म-रक्षा, योग और ध्यान, आग से सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और नागरिक जिम्मेदारियाँ शामिल थीं। समारोह में कुल 450 छात्रों ने भाग लिया।

# फतेहपुर बेरी में खुलेंगे नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल टीएस संधू ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना के तहत दो नए केंद्रों की स्थापना के लिए ग्राम सभा भूमि आवंटित करने को मंजूरी दे दी है।

यह भूमि बाहरी उत्तरी जिले के मंगेशपुर और दक्षिणी जिले के फतेहपुर बेरी स्थित बाहरी ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतीकात्मक रूप से मात्र एक रुपये के लाइसेंस शुल्क पर उपलब्ध कराई जाएगी। राजधानी के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना को अब तक उपयुक्त स्थानों की कमी जैसी बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा था। उपराज्यपाल के इस फैसले से इन दोनों नए केंद्रों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इन दो नए आवंटनों के साथ दिल्ली में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के लिए ग्राम सभा भूमि आवंटन की कुल संख्या बढ़कर 14 हो गई है। इनमें उत्तरी जिले में 3, दक्षिण-पश्चिम जिले में 9 तथा दक्षिण-पूर्व और दक्षिण जिले में 1-1 स्थान शामिल हैं।

## कार्यशाला में ब्राह्मी लिपि के महत्व पर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और भारतीय विरासत संस्थान, नोएडा की ओर से आयोजित ब्राह्मी लिपि पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से आए करीब 50 विद्यार्थियों, शिक्षकों, शोधार्थियों और विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया।

समापन अवसर पर आईजीएनसीए के सदस्य सचिव एवं आईआईएच के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने कहा कि ऐसी पहलें युवाओं को भारतीय इतिहास, संस्कृति और ज्ञान-परंपरा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# पर्यावरण मंत्री ने इलेक्ट्रिक टैक्सी सेवा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार राजधानी को स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषण-मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा एवं परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली सचिवालय से दिल्ली-एनसीआर के लिए ग्रीन एसएम की ऐप-आधारित इलेक्ट्रिक टैक्सी सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दिल्ली-एनसीआर में 1,000 इलेक्ट्रिक टैक्सियों के साथ ग्रीन एसएम ऐप का भी शुभारंभ किया गया। कंपनी की योजना आगामी एक वर्ष में इस सेवा का विस्तार कर दिल्ली- एनसीआर में 10,000 वाहनों तक पहुंचाने की है। इस अवसर पर जीएसएम के वैश्विक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (ग्लोबल सीईओ) श्री गुयेन वान थान्ह तथा विन ग्रुप के एशिया मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री फाम सान्ह चाऊ भी उपस्थित रहे।

ग्रीन एसएम एक वियतनाम आधारित कंपनी है, जिसने भारत के तमिलनाडु में अपना विनिर्माण संयंत्र स्थापित किया है। कंपनी ने 'मेक इन इंडिया' पहल के अंतर्गत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के माध्यम से भारत में महत्वपूर्ण निवेश किया है। इस अवसर पर पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, कि दिल्ली सरकार ऐसी हरित पहलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो प्रदूषण को कम करें



और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाएं।

चाहे बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान हों, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों का उपयोग हो या ग्रीन मोबिलिटी को अपनाना हो, हर प्रयास एक स्वस्थ दिल्ली के निर्माण में सहायक है। इस टैक्सी सेवा का शुभारंभ इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।" परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा, "विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिल्ली सचिवालय से इस इलेक्ट्रिक वाहन पहल का शुभारंभ हमारे स्वच्छ, हरित और प्रदूषण-मुक्त दिल्ली के संकल्प को दर्शाता है। ग्रीन मोबिलिटी दिल्ली की बेहतर शहरी परिवहन व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण आधार है और यह दिल्ली ईवी नीति के उद्देश्यों के अनुरूप स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल परिवहन समाधानों को बढ़ावा देने, वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने तथा वायु गुणवत्ता में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ईवी फ्लीट का विस्तार करने की दिशा में उठाया गया प्रत्येक कदम एक स्वस्थ पर्यावरण और नागरिकों के बेहतर जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी के नेतृत्व में दिल्ली सरकार सतत परिवहन को बढ़ावा देने तथा भविष्य के लिए पर्यावरण-अनुकूल राजधानी के निर्माण हेतु प्रतिबद्ध है।"

# बसों में तैनात होंगी हथियारबंद महिला पुलिसकर्मी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सार्वजनिक बसों में अब महिलाएं पूरी तरह बेखौफ होकर सफर कर सकेंगी। सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए डीटीसी की बसों के भीतर हथियारबंद महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती होगी।

साथ ही, महिलाओं की सुरक्षा अब केवल बस स्टॉप तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उन्हें उनके घर की दहलीज तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए एक विशेष डोर-स्टेप सुरक्षा मॉडल तैयार किया है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बस से उतरने के बाद उनका आखिरी मंजिल तक का सफर भी सुरक्षित रहे। उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने राजधानी में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर दिल्ली परिवहन विभाग के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि महिला यात्रियों की सुरक्षा सिर्फ बस या सार्वजनिक परिवहन के अंदर ही नहीं, बल्कि बस स्टॉप, मेट्रो स्टेशन या डिपो से उनके घर तक सुनिश्चित की जानी चाहिए। बसों में महिला कमांडो (हथियारबंद पुलिस) की मौजूदगी इसमें अहम है।

इसके लिए परिवहन विभाग जल्द ही दिल्ली पुलिस के साथ तालमेल कर तैनाती की प्रक्रिया शुरू करेगा। वर्तमान में मौजूद सीसीटीवी कैमरों, पैनिक बटन और बस मार्शलों की व्यवस्था को इस नई व्यवस्था के साथ एकीकृत किया जाएगा, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई हो सके। घर की दहलीज तक सुरक्षित पहुंचाने की योजना : अक्सर देखा जाता है कि बस से उतरने के बाद घर तक जाने वाले रास्ते में महिलाएं असुरक्षित महसूस करती हैं।

इस समस्या को हल करने के लिए लास्ट-माइल कनेक्टिविटी पर जोर दिया है। इसके तहत ऑटो, ई-रिक्शा और कैब एग्रीगेटर्स को एक साझा सुरक्षा नेटवर्क पर लाया जाएगा। विशेष रूप से दूर-दराज के इलाकों, रिमोट एरिया और बाहरी मोहल्लों के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का जाल बिछाया जाएगा, ताकि महिलाओं को भरोसेमंद स्थानीय परिवहन मिल सके।

# लोधी कॉलोनी में मलबे में दबने से मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लोधी कॉलोनी क्षेत्र में शुक्रवार तड़के सीवेज पाइपलाइन निर्माण कार्य के दौरान एक दीवार अचानक ढह गई। हादसे में मलबे के नीचे तीन लोग दब गए। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

दमकल विभाग के मुताबिक, घटना लोधी होटल के पास लोधी कॉलोनी में हुई। सूचना मिलने पर लोकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। मलबे में तीन लोगों के दबे होने की जानकारी मिली। दबे हुए तीन लोगों में से दो को दमकल कर्मियों के पहुंचने से पहले ही लोगों ने बाहर निकाल लिया, जबकि तीसरे व्यक्ति को दमकल कर्मियों ने बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घायलों की पहचान राजेश (48) और उमर (20) के रूप में हुई है। दोनों का एम्स ट्रॉमा सेंटर में उपचार चल रहा है। वहीं, हादसे में देवेंद्र (55) की मौत हो गई। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही हैं। शुरुआती जांच में पता चला कि सीवेज पाइपलाइन निर्माण कार्य के दौरान दीवार कमजोर होने के कारण यह हादसा हुआ।

# साउथ दिल्ली में बुलडोजर एक्शन, दुकानें सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने राजधानी में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की है। यह कार्रवाई दक्षिणी और पूर्वी दिल्ली के विभिन्न इलाकों में की जा रही है। दक्षिणी दिल्ली के घिटोरनी में अनधिकृत निर्माण तोड़े गए हैं। इसके साथ ही, कई दुकानें भी सील की गई हैं। पूर्वी दिल्ली के करावल नगर में भी एमसीडी ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया है। दिल्ली नगर निगम हौज खास गांव में भी सीलिंग की कार्रवाई कर रही है। मालवीय नगर में हुई भीषण अग्नि त्रासदी ने प्रशासन को हिलाकर रख दिया। इस घटना के तुरंत बाद उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू और दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने एक आपात बैठक बुलाई थी। जिसमें भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति की घोषणा की गई। प्रशासन ने न केवल हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए।

इस अभियान के तहत दिल्ली के सभी होटलों, लॉज, नर्सिंग होम, कोचिंग संस्थानों और रेस्टोरेंट्स में फायर सेफ्टी मानकों की जांच होगी। दिल्ली सरकार के गृह विभाग को इस पूरे अभियान के लिए नोडल विभाग घोषित किया गया है, जो विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करेगा। इस अभियान की निगरानी संयुक्त रूप से मुख्य सचिव और दिल्ली पुलिस कमिश्नर करेंगे। कार्रवाई से पहले बैठक में प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि किसी होटल, लॉज या गेस्ट हाउस में स्वीकृत संख्या से अधिक कमरे पाए जाते हैं, तो उन्हें तुरंत बंद कर दिया जाएगा।

दिल्ली पुलिस, एमसीडी और पर्यटन विभाग संयुक्त रूप से होटल एसोसिएशनों के साथ बैठकें करेंगे और उन्हें लाइसेंस की शर्तों और फायर सेफ्टी नियमों का कड़ाई से पालन करने की अंतिम चेतावनी देंगे। जो संस्थान मानकों को पूरा नहीं करेंगे, उन्हें न केवल सील किया जाएगा, बल्कि उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## कई प्रतिष्ठान सील

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर अग्निकांड के बाद कई सरकारी विभागों ने नियम उल्लंघन करने पर खानपान प्रतिष्ठानों के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को कई होटल सील किए गए। निगम अधिकारियों ने बताया कि मालवीय नगर में ऐसे 12 होटल की पहचान की थी, जो नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए। इन सभी ने चाय नाश्ते का लाइसेंस लिया था, लेकिन यह अवैध तरीके से रेस्तरां चला रहे थे।

अधिकारियों ने बताया कि निगम के रोहिणी जोन के जन स्वास्थ्य विभाग ने अनधिकृत व्यावसायिक गतिविधियों के विरुद्ध शुक्रवार को विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया।

# विदेशी मरीजों के ठहराव से जुड़े नेटवर्क की खुल रहीं परतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर स्थित होटल फ्लोरिश स्टे में हुए भीषण अग्निकांड ने राजधानी में मेडिकल टूरिज्म और विदेशी मरीजों के ठहराव से जुड़े एक ऐसे नेटवर्क की परतें खोल दी हैं, जिस पर अब तक किसी की नजर नहीं गई थी। जांच में सामने आया है कि यह होटल एक सामान्य गेस्ट हाउस नहीं था, बल्कि इलाज के लिए दिल्ली आने वाले विदेशी मरीजों और उनके तीमारदारों का प्रमुख ठिकाना था। पुलिस के अनुसार, पिछले एक महीने के दौरान करीब 80 विदेशी नागरिक इस होटल में ठहरे थे और हादसे के समय भी यहां बड़ी संख्या में विदेशी मेहमान मौजूद थे। बुधवार सुबह हुए अग्निकांड में 21 लोगों की मौत हुई, जिनमें 12 विदेशी नागरिक शामिल हैं। मृतकों में नेपाल, बांग्लादेश, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, कांगो, नाइजीरिया, लाइबेरिया और मोजांबिक के नागरिक शामिल हैं। 21 अन्य विदेशी नागरिक विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं। घायलों में केन्या और कैमरून के नागरिक भी हैं। होटल में ठहरने वाले अधिकांश विदेशी नागरिक मेडिकल वीजा पर भारत आए थे।

# अंतरराज्यीय मोबाइल चोर गिरोह का भंडाफोड़

**15 लाख के 67 मोबाइल बरामद**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना फेस-1 पुलिस ने मोबाइल चोरी और स्नैचिंग करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी के 67 मोबाइल फोन, छह मोबाइल फोल्डर, एक लैपटॉप, मोबाइल अनलॉक करने के उपकरण तथा दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई गई है।

एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि आरोपियों की पहचान पवन (40 साल) और गोलू (20 साल) निवासी नया बांस गांव, थाना फेस-1 क्षेत्र के रूप में हुई है। इनके साथ एक बाल अपचारी को भी पकड़ा गया है। आरोपियों को सेक्टर-14 स्थित गंदे नाले की पटरी से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि गिरोह दिल्ली, नोएडा और एनसीआर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में वारदात करता था। बाल अपचारी चलती गाड़ी के सामने आकर चोट लगने का नाटक करता था। जब वाहन चालक नीचे उतरकर स्थिति देखने लगता था, तभी उसका साथी गाड़ी की दूसरी ओर से खिड़की खोलकर मोबाइल चोरी कर लेता था। आरोपी राहगीरों के मोबाइल छीनने, जेब काटने और पीजी व बंद मकानों में चोरी करने में भी शामिल रहे हैं।

**मोबाइल के लॉक खोल पार्टस बेचे:** पुलिस ने बताया कि चोरी के मोबाइल को सस्ते दामों में बेच दिया जाता था। जो फोन नहीं बिकते थे, उनके लॉक लैपटॉप और विशेष उपकरणों की मदद से तोड़कर पार्ट्स अलग-अलग बेच दिए जाते थे। चोरी से मिले पैसों से आरोपी मौज-मस्ती और अपने खर्च पूरे करते थे।

**ये फोन किए गए बरामद:** बरामदगी में 11 सैमसंग, 10 रेडमी, 10 वीवो, 9 आईफोन समेत विभिन्न कंपनियों के कुल 67 मोबाइल फोन, एक एचपी लैपटॉप, मोबाइल रिपेयरिंग उपकरण और दो अवैध चाकू शामिल हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना फेस-1 में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# रेफ्रिजरेटर का कंप्रेशर फटने से रेस्टोरेंट में लगी आग

**डेढ दर्जन लोगों को रेस्क्यू कर बचाया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर 24 क्षेत्र के सेक्टर 52 स्थित शताब्दी विहार अपार्टमेंट के पास बने एक कमर्शियल काम्प्लेक्स में स्थित रेस्टोरेंट में शुक्रवार सुबह को रेफ्रिजरेटर का कंप्रेशर फटने से भयंकर आग लग गई। परिसर में नीचे रेस्टोरेंट और ऊपर पीजी बनी हुई है। जिसमें करीब डेढ दर्जन लोग फंस गए थे। जिन्हें रेस्क्यू करके फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने सकुशल बाहर निकाला।

मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सेक्टर 52 के शताब्दी बिहार के पास स्थित शर्मा काम्प्लेक्स में एक रेस्टोरेंट है। यह रेस्टोरेंट एक रिटायर्ड ब्रिगेडियर का है। उक्त रेस्टोरेंट में रखा हुआ रेफ्रिजरेटर का कंप्रेसर आज सुबह को फट गया, जिसकी वजह से रेस्टोरेंट में आग लग गई।

देखते-देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। उक्त परिसर में नीचे दुकान और ऊपर पीजी बनी हुई थी, जिसमें रहने वाले कई लोग फंस गए। उन्होंने बताया कि आधुनिक जीवन रक्षक और अन्य सुरक्षा उपकरण को धारण कर फायर ब्रिगेड के जवान परिसर के अंदर फंसे लोगों को बचाने के लिए गए और उन्होंने करीब डेढ़ दर्जन लोगों को रेस्क्यू करके बाहर निकाला। दमकल विभाग की चार गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं है। वही पीजी के अंदर फंसे लोगों का कहना है की धुआं के चलते उनका दम घुटने लगा था। कुछ लोगों को सांस लेने में काफी देर तक परेशानी हुई। पीजी में फंसी एक युवती के अनुसार उसे ऐसा लग रहा था कि आज जिंदगी का अंतिम दिन है। सीएफओ ने बताया कि फायर ब्रिगेड यह जांच कर रही है कि काम्प्लेक्स के लोगों ने फायर एनओसी लिया था कि नहीं तथा यहां पर आग बुझाने वाले उपकरण लगाए गए हैं कि नहीं। उन्होंने बताया कि कमी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस मुठभेड़ में चार बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के थाना सूरजपुर पुलिस ने बंद मकानों में चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस मुठभेड़ के बाद चार आरो. पियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए, जबकि उनके दो साथियों को कॉम्बिंग अभियान चलाकर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 51 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, 11.27 लाख रुपये से अधिक की नकदी, दो मोटरसाइकिलें तथा अवैध हथियार बरामद किए हैं।



डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना सूर. जपुर पुलिस मोजर बीयर गोलचक्कर के पास सर्विस रोड पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन वे मोटरसाइकिल मोड़कर भागने लगे।

पुलिस द्वारा पीछा किए जाने पर बदमाशों ने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश घायल हो गए। उनकी पहचान वकील उर्फ रिजवान पुत्र असलम तथा सरफराज उर्फ फैज पुत्र शमीम के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने कॉम्बिंग अभियान चलाकर उनके दो अन्य साथियों भोले उर्फ भोला पुत्र सरमनलाल और अलीजान पुत्र शहीद उर्फ सईद को भी गिरफ्तार कर लिया।

घायल आरोपियों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने चारों आरोपियों के कब्जे से चार अवैध तमंचे, छह जिंदा कारत. स, चार खोखा कारतूस तथा वारदात में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

डीसीपी ने बताया कि आरो. पियों के पास से एनसीआर और आसपास के जनपदों में चोरी की घटनाओं से संबंधित बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण बरामद हुए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 51 लाख रुपये है। इसके अलावा लगभग 12 लाख रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं।

# राज्यसभा सांसद ने पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण देना हम सभी की जिम्मेदारी भी है और दायित्व भी, हम सभी को खूब पौधे लगाने चाहिए। उनकी देखभाल करना चाहिए। गौतमबुद्ध नगर से राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्एक पेड़ मां के नामश अभियान की शुरुआत करते हुए शुक्रवार को ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-16बी स्थित ग्रीन बेल्ट में पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान कही।

ओएसडी अभिषेक पाठक और ओएसडी गिरीश कुमार झा की मौजूदगी में सांसद ने इस ग्रीन बेल्ट को पीएम वन नाम दिया। इसमें सांसद की तरफ से 30 पौधे प्रतिमाह लगाए जाएंगे।

सांसद ने पौधों की नियमित देखभाल करने और एक स्थान पर एक जैसे पौधों की प्रजाति लगाने को कहा। शुक्रवार को प्राधिकरण ने सेक्टर 10 स्थित कोको काउंटी के पास और मिलक लच्छी स्थित ग्रीन बेल्ट में भी पौधरोपण किया। इन जगहों पर पिलखन, अमलतास गुलमोहर, नीम, जामुन आदि प्रजाति के पौधे लगाए गए। ग्रेटर नोएडा की विभिन्न आरडब्ल्यूए और सामाजिक संगठनों ने भी पौधरोपण अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस वर्ष प्राधिकरण की तरफ से लगभग 1.34 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है।

## एक नजर

### आंधी-बारिश में मकान पर गिरी दीवार, ऑटो चालक की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कुलेसरा गांव में बृहस्पतिवार को आंधी के दौरान निर्माणाधीन भवन की दीवार गिरने पड़ोस के मकान पर गिर गई। मलबे में दबे युवक को परिजन अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक युवक की पहचान उमेश (24) निवासी संभल के रूप में हुई है। ईकोटेक-3 कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के उमेश अलकनंदा कॉलोनी सीआरपीएफ कैंप के पास कुलेसरा में किराये पर रहते थे। बृहस्पतिवार को वह अपने मकान में आराम कर रहे थे। तेज आंधी और बारिश के दौरान पड़ोस में निर्माणाधीन इमारत की दीवार अचानक भरभराकर उनके मकान पर गिर गई। दीवार गिरने से उमेश मलबे के नीचे दब गए। गंभीर रूप से घायल उमेश को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### नशे में धुत चालक ने दो लोगों को मारी टक्कर

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** अल्फा-2 में नशे में धुत चालक ने खड़ी गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने बृहस्पतिवार को पीड़ित की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दनकौर निवासी ललित अग्रवाल और खेमचंद बीकानेर स्वीट्स अल्फा-2 के पास एक खाली प्लॉट में पेड़ के नीचे बैठे हुए थे। इसी दौरान एक फोर्ड एंडेवर कार मौके पर पहुंची। आरोप है कि वाहन में सवार 4-5 लोग शराब के नशे में थे और चालक तेज गति तथा लापरवाही से वाहन चला रहा था। चालक ने पहले वहां खड़ी दो गाड़ियों स्विफ्ट डिजायर और बोलेरो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन अनियंत्रित हो गया, जिससे मौके पर मौजूद ललित और खेमचंद गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सेक्टर अल्फा-2 स्थित नवीन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर है कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### जनगणना में लापरवाही पर तकनीकी सुपरवाइजर की सेवा खत्म

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जनगणना में लापरवाही और ड्यूटी पूरी नहीं करने पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने उद्यान विभाग में तैनात तकनीकी सुपरवाइजर की सेवा समाप्त कर दी है। जनगणना के काम में लापरवाही पर जनपद में इस तरह की यह पहली कार्रवाई है। सुपरवाइजर की पहचान चमन नागर के रूप में हुई है। अब तक नोएडा और ग्रेनो प्राधिकरण ने 50 से अधिक कर्मचारियों और शिक्षकों पर एफआईआर के लिए ही पुलिस को आवेदन भेजा गया था। प्राधिकरण की तरफ से नोएडा की एजेंसी माधव एसोसिएट्स को पत्र भेजकर दूसरे तकनीकी सुपरवाइजर की तत्काल तैनाती करने के लिए कहा गया है, जिससे जनगणना प्रभावित न हो। जीएम प्रोजेक्ट एके सिंह ने बताया कि तकनीकी सुपरवाइजर ने भारत सरकार की जनगणना जैसे महत्वपूर्ण काम को करने से मना कर दिया। इससे प्राधिकरण की छवि धूमिल हुई। कार्य के प्रति की गई लापरवाही की वजह से उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाया जा रहा है।

### श्रमिक की मौत मामले में साइट इंचार्ज पर केस

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार की शाम तेज आंधी की वजह से निर्माणाधीन सोसाइटी में दीवार गिरने से हुई श्रमिक की मौत के मामले में पुलिस ने साइट इंचार्ज के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। श्रमिक के बेटे की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। आकाश ने पुलिस को बताया कि उसके पिता रंजीत गुरुवार को हिमस्फेयर सोसाइटी में काम कर रहे थे। इसी बीच शाम के समय अचानक आई तेज आंधी की वजह से एक दीवार का कुछ हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। सिर में ईंट लगने से उनके पिता रंजीत की मौत हो गई। यह हादसा साइट इंचार्ज की लापरवाही की वजह से हुआ। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### फ्लैट मालकिन ने मेड को थप्पड़ मारा

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा की पूर्वांचल सोसाइटी में शुक्रवार सुबह एक फ्लैट मालकिन द्वारा अपनी घरेलू सहायिका को थप्पड़ मारने के बाद हंगामा हो गया। घटना के विरोध में अन्य घरेलू सहायिकाओं ने सोसाइटी के गेट पर प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया।

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना बीटा-2 क्षेत्रांतर्गत यह घटना हुई। फ्लैट मालकिन द्वारा मेड को थप्पड़ मारे जाने के विरोध में कुछ घरेलू सहायिकाएं सोसाइटी के गेट के बाहर एकत्रित हो गईं और अपना विरोध दर्ज कराया। स्थानीय पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को समझाया-बुझाया। इसके बाद सभी घरेलू सहायिकाओं को शांतिपूर्वक उनके घरों पर भेज दिया गया। पुलिस द्वारा पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गए बदमाशों को कोर्ट ने किया दोषमुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** वर्ष 2022 में थाना फेज-1 क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ अवैध हथियार बरामदगी और पुलिस पर जानलेवा फायरिंग के मामले में गौतमबुद्धनगर की अदालत ने दोनों आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया है। अभियोजन के अनुसार 6 अगस्त 2022 को थाना फेज-1 में तैनात उपनिरीक्षक ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

पुलिस का दावा था कि हरौला क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि एक बाइक पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर नहीं रुके और तेजी से भाग निकले। सूचना के बाद विभिन्न चौकियों की पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से उनका पीछा कर सेक्टर-14ए क्षेत्र के पास आरापियों को घेर लिया। आरोप था कि इस दौरान दोनों युवकों ने पुलिस टीम पर तमंचों से फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिसमें एक आरोपी चिन्की गारफील्ड विनफील्ड के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। जबकि दूसरे आरोपी इश्तकार अंसारी को बाद में गिरफ्तार करने का दावा किया गया।

लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ जितेंद्र कुमार बैसोया ने बताया कि न्यायालय ने पाया कि पुलिस द्वारा जिस मुठभेड़ का दावा किया गया, उसकी कोई फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी रिकॉर्ड पर प्रस्तुत नहीं की गई।

# अपराधियों की 340 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर ने पिछले साढ़े तीन वर्षों में गैंगस्टर ऐक्ट के तहत बदमाशों की 340 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की। यह कार्रवाई संगठित अपराध, भूमाफिया, अवैध वसूली और अन्य गंभीर अपराधों में संलिप्त आरोपियों पर की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक दिसंबर 2022 से 31 मई 2026 तक कमिश्नरेट पुलिस ने उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत व्यापक अभियान चलाया। इस दौरान अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की गई। आंकड़ों के अनुसार इस अवधि में गैंगस्टर ऐक्ट के तहत कुल 198 मुकदमे दर्ज किए गए। इन मामलों में 1037 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

पुलिस ने केवल आपराधिक मामलों में कार्रवाई तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि अपराध से अर्जित संपत्तियों की पहचान कर उन्हें जब्त करने की प्रक्रिया भी तेज की।

अपराधियों की 340 करोड़ 41 लाख 19 हजार 657 रुपये की संपत्ति जब्त की गई। इनमें भूमि, भवन, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और अन्य चल-अचल संपत्तियां शामिल हैं, जिन्हें अपराध के जरिए अर्जित किया गया था।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों के लिए जेल जाना कई बार अस्थायी परेशानी साबित होता है, लेकिन जब उनकी अवैध संपत्ति जब्त होती है तो उनके पूरे आर्थिक तंत्र पर असर पड़ता है। इसी सोच के तहत कमिश्नरेट पुलिस अपराधियों की आर्थिक जड़ों पर प्रहार करने की नीति पर काम कर रही है। यह अभियान विशेष रूप से उन अपराधियों के खिलाफ केंद्रित है, जो भूमि कब्जा, रंगदारी, धोखाधड़ी, अवैध वसूली और संगठित अपराध के जरिए आर्थिक साम्राज्य खड़ा करने का प्रयास करते हैं। संपत्ति जब्ती की कार्रवाई से ऐसे गिरोहों की आर्थिक शक्ति कमजोर हुई और अपराधियों में कानून का भय भी बढ़ा।

**अभियान आगे भी जारी रहेगा:** पुलिस का दावा है कि लगातार की जा रही कार्रवाई का असर जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहा है। आम लोगों में सुरक्षा और विश्वास की भावना मजबूत हुई है, जबकि अपराध जगत से जुड़े लोगों को स्पष्ट संदेश मिला है कि अवैध कमाई और अपराध के जरिए अर्जित संपत्ति को किसी भी कीमत पर सुरक्षित नहीं रखा जा सकता। नोएडा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी संगठित अपराध, गिरोह, भूमाफिया और समाज विरोधी तत्वों के खिलाफ इसी तरह की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। उद्देश्य केवल अपराधियों को जेल भेजना नहीं, बल्कि उनके अवैध आर्थिक साम्राज्य को ध्वस्त कर अपराध मुक्त और सुरक्षित समाज की स्थापना करना है।

# प्रभारी मंत्री ने वेटलैंड में मां के नाम लगाया पौधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश सरकार के 5 करोड़ पौधरोपण के लक्ष्य के तहत जिले में 1.21 लाख पौधे लगाए गए। इस अभियान में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण सहित कृषि, उद्यान, वन, ग्राम्य विकास, पंचायती राज और नगर विकास विभागों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।



जनपद का मुख्य कार्यक्रम सूरजपुर वेटलैंड में हुआ, जहाँ गौतमबुद्धनगर के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने मौलश्री का पौधा लगाकर वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप विश्व पर्यावरण दिवस को जन-आंदोलन बनाने और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की।

मंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है और प्रकृति को सुरक्षित रखने के लिए हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने सभी नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों, आरडब्ल्यूए और अधिकारियों से एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत कम से कम एक पौधा लगाने का आग्रह किया।

इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, जिलाधिकारी मेधा रूपम, मुख्य विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं, सीआरपीएफ के अधिकारी और वीआईएएफ फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने भी पौधे लगाए। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथियों ने अपने संबोधन में बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पिछले कई वर्षों से बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी भी सभी की है।

# हॉकी स्टेडियम बनाने का काम कल से शुरू होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर के सेक्टर-37 स्थित खेल परिसर में अंतरराष्ट्रीय स्तर का हॉकी स्टेडियम बनाने का काम जल्द शुरू हो जाएगा। हॉकी मैदान का भूमि पूजन सात जून को है। इसके साथ ही मौके पर काम शुरू करा दिया जाएगा। अधिकारी से मिली जानकारी के मुताबिक, प्राधिकरण इस पर 10.30 करोड़ रुपये खर्च कर रहा है। विकासकर्ता एजेंसी का चयन कर कार्य आदेश जारी कर दिया गया है। यह जिले का पहला स्टेडियम होगा। भूमि पूजन के साथ ही मौके पर काम शुरू करा दिया जाएगा। पहले चरण में सिंथेटिक हॉकी टर्फ (कृत्रिम हॉकी घास मैदान) के अलावा जल निकासी के लिए आरसीसी नाली, फुटपाथ और पानी के छिड़काव के लिए आधुनिक व्यवस्था की जाएगी।

हॉकी मैदान अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार 101.4 मीटर और 63 मीटर का होगा। इस पूरी परियोजना की लागत करीब 10.5 करोड़ रुपये है।पहले चरण का काम एक साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद आगे की योजना बनाई जाएगी। बता दें कि यह जिले का पहला हॉकी स्टेडियम होगा। इस स्टेडियम में 6000 से अधिक दर्शकों के बैठने की व्यवस्था होगी। भविष्य में यहां बहुमंजिला पार्किंग भी बनाई जाएगी। हॉकी स्टेडियम के लिए जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह की तरफ से पहल की गई थी।

# पुलिस कमिश्नरेट ने विश्व पर्यावरण दिवस पर हजारों पौधे लगाए

**हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**







**शाह टाइम्स संवाददाता**


**नोएडा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा ष्एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइंस में पुलिस अधिकारियों के साथ छायादार एवं फलदार पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

कार्यक्रम के तहत पुलिस कमिश्नरेट के सभी थाना परिसरों में भी पौधारोपण किया गया। इस दौरान अजय कुमार, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय सहित विभिन्न पुलिस उपायुक्त, अपर पुलिस उपायुक्त, अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

पौधारोपण अभियान के दौरान कदंब, अमलतास, कचनार, कंजी, अशोक, सहजन, मौलश्री, जामुन और गुलमोहर सहित विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष लगाए गए। कमिश्नरेट क्षेत्र में हजारों पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि पौधारोपण केवल एक प्रतीकात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सतत और सामूहिक प्रयास का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का भी आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता अभियानों को निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। गौतमबुद्धनगर पुलिस का यह प्रयास समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल माना जा रहा है।

## गस्ती तलाश



दिनांक 02.06.2026 समय करीब 18.42 बजे एक अज्ञात शव उम्र करीब 40 वर्ष नोएडा थाना सेक्टर 63 गौतम बुद्धनगर क्षेत्र में प्राप्त हुआ, जिसका हुलिया आंख, नाक, कान औसत व चेहरे पर हल्की काली व सफेद रंग की डारी व कद करीब 5.05 फिट है। जिस किसी को इसके सम्बन्ध में कुछ भी जानकारी होती है तो थाना सेक्टर 63 पर सूचना देने की कृपा करें।

**प्रभारी निरीक्षक**
**थाना सेक्टर 63 नोएडा**
**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर**
88510 66514

**चौकी प्रभारी**
**चौकी छजारसी**
8595902611

